हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 14 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 28.2 डिग्री
न्यूनतम 8.0 डिग्री

11 एमडीयू में आयोजित तीन दिवसीय पुस्तक...


12 महिंद्रा मॉडल स्कूल के गौरव ने नेशनल गेम्स में...


## खबर संक्षेप

### महम में 37वीं वार्षिक एथलेटिक मीट 14 को

**महम।** गवर्नमेंट कॉलेज महम में 14 नवंबर को 37वीं वार्षिक एथलेटिक मीट आयोजित की जाएगी। प्रिंसिपल डॉ. सत्यव्रत सोलंकी ने बताया कि यह वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता कॉलेज के खेल ग्राउंड में सुबह साढ़े 9 बजे शुरू होगी। विश्व चैंपियनशिप के पदक विजेता अमित पंघाल समारोह के मुख्य अतिथि होंगे।

### 320 ग्राम अफीम बरामद आरोपी को किया काबू

**रोहतक।** एवीटी स्टाफ की टीम ने गश्त के दौरान युवक को नशीले पदार्थ सहित काबू किया है। तलाशी में उसके 320 ग्राम अफीम बरामद हुई। एवीटी स्टाफ प्रभारी उपनिरीक्षक अश्वनी ने बताया कि एवीटी टीम बहुअकबरपुर-मदीना रोड के पास गश्त पर थी। टीम को युवक बाइक पर संदिग्ध अवस्था में आते दिखाई दिया। शक के आधार पर पूछताछ की गई। युवक की पहचान भूपेंद्र उर्फ मोनू पुत्र वेदपाल निवासी मदीना कोरसान के रूप में हुई। नियमानुसार तलाशी लेने पर उसके पास से 320 ग्राम अफीम बरामद की गई।

### श्रमिक सुरक्षा अभियान के तहत कार्यक्रम



**रोहतक।** जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण के कुशल मार्गदर्शन में वीरवार को पुरानी आईटीआई, रोहतक स्थित लेबर चौक पर श्रमिक सुरक्षा अभियान के तहत श्रमिकों के कल्याण हेतु एक महत्वपूर्ण कानूनी जागरूकता व साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जिला एवं सत्र न्यायाधीश नीरजा कुलवंत कलसन व सीजेएम डॉ. तरन्नुम खान डीएलएसए के सराहनीय मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# अभिभावकों की मर्जी, अब बच्चों को स्कूल भेजें या ऑनलाइन पढ़ाई का विकल्प चुनें

**ग्रेप-3 के प्रतिबंध लागू**

**भवन निर्माण पर रोक**

- प्रदूषण नियंत्रण नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी

*निर्माण कार्य अगले आदेश तक बंद रहेंगे, निर्माण सामग्री को ग्रीन मैट से ढकना जरूरी होगा। वेस्ट खुले स्थानों पर न डालें नहीं तो निगम की टीम चालान करेगी। सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग न करें क्योंकि इससे प्रदूषण में इजाफा होता है। कचरे में आग न लगाएं, निगम वाहन को ही सौंपें ताकि उसे जलाने से रोका जा सके। सही जगह पर ही कूड़े का निस्तारण किया जा सके।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बढ़ते प्रदूषण स्तर को ध्यान में रखते हुए जिला में ग्रेप-3 के तहत सख्त प्रतिबंध लागू कर दिए गए हैं। सभी प्रकार के निर्माण कार्यों पर फिलहाल रोक लगा दी गई है। अब अभिभावक अपने बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन या ऑफलाइन किसी भी माध्यम से पढ़ाई का विकल्प चुन सकते हैं।

### स्कूलों को दिए निर्देश

स्कूलों को दोनों व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं ताकि बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो। प्रशासन ने साफ किया है कि प्रदूषण नियंत्रण नियमों का उल्लंघन करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही नगर निगम और प्रदूषण नियंत्रण विभाग ने एंटी स्मॉग गन और पानी के टैंकरों से छिड़काव अभियान तेज कर दिया है। नगर निगम ने वीरवार को नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 4 चालान किए हैं जिनसे कुल 45 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। ये चालान उन लोगों के किए गए हैं जिन्होंने भवन निर्माण पर लगी रोक का उल्लंघन किया या निर्माण स्थल को ग्रीन मैट से कवर नहीं किया।

इसके अलावा सफाई शाखा की टीम ने डस्टबिन न रखने और खुले में कचरा फेंकने वालों के 11 चालान काटे हैं, जिनसे 1900 रुपये का जुर्माना वसूला गया। निगम आयुक्त ने बताया कि आगे ऐसे मामलों पर और अधिक सख्ती बरती जाएगी। निगम आयुक्त ने कहा कि भवन निर्माण कार्यों पर आगामी आदेशों तक रोक रहेगी। निर्माण स्थलों पर रखी सामग्री को ग्रीन मैट से ढकना अनिवार्य किया गया है ताकि हवा में धूलकणों का स्तर न बढ़े। निर्माण और ध्वंस अपशिष्ट को खुले स्थानों पर डालना पूरी तरह वर्जित है।


रोहतक। सड़कों पर पानी का छिड़काव करती मशीन। फोटो : हरिभूमि

#### मैकेनिकल स्वीपिंग से साफ होंगी सड़कें

नगर निगम द्वारा शहर की प्रमुख सड़कों पर स्वीपिंग मशीनों के माध्यम से सफाई करवाई जा रही है ताकि धूल और मिट्टी हवा में न उड़े। साथ ही पौधों और पेड़ों पर पानी का छिड़काव कर प्रदूषण के कणों को नीचे बैठाने का काम किया जा रहा है।

#### जनता से सहयोग की अपील

नगर निगम ने शहरवासियों से अपील की है कि वे प्रदूषण नियंत्रण के इस अभियान में सहयोग करें। निगम आयुक्त ने कहा कि नागरिक अपने घरों के बाहर सफाई बनाए रखें, कचरा जलाने से परहेज करें और उसे निगम की कचरा गाड़ी में ही डालें। साथ ही सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल न करें। उन्होंने कहा कि नियमों का पालन न करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



#### प्रमुख कार्रवाई

निगम की प्रमुख कार्रवाई 4 चालान भवन निर्माण नियम तोड़ने पर, 45,000 रुपये जुर्माना, 11 चालान डस्टबिन न रखने पर, 1,900 रुपये जुर्माना, भवन निर्माण सामग्री को ग्रीन मैट से ढकना अनिवार्य, एंटी स्मॉग गन, पानी के टैंकर और स्मॉग टावर सक्रिय, स्वीपिंग मशीनों से रोजाना सड़क सफाई की जा रही है। ताकि प्रदूषण को जितना हो सके उतना कम किया जा सके।

# मोखरा के किसान ने पराली जलाई, 10 हजार जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महम

- पराली जलाने वाले किसान के खिलाफ बहु अकबरपुर थाने में केस भी दर्ज

बहु अकबरपुर थाना क्षेत्र के गांव मोखरा खास के रकबे में एक किसान ने चार एकड़ जमीन में धान की पराली में आग लगा दी। सेटेलाइट के जरिए कृषि विभाग की टीम मौके पर पहुंची। टीम ने निरीक्षण किया। उसके बाद बहु अकबरपुर थाने में किसान के खिलाफ शिकायत दी। कृषि विभाग के अधिकारी सहायक प्रोद्योगिकी प्रबंधक राजविंदर सिंह मान ने बताया कि मोखरा खास निवासी किसान संजय पुत्र रामचंद्र ने अपने खेत में 4 एकड़ भूमि में आगजनी की थी। सैटेलाइट द्वारा लोकेशन ट्रैक की गई तो उसके बाद ग्राम स्तरीय कमेटी ने निरीक्षण किया। सरपंच मंजूबाला, ग्राम सचिव धर्मेंद्र कुमार व पटवारी मंजीत कुमार ने एक लिखित रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस रिपोर्ट के आधार पर कृषि विभाग के अधिकारियों ने किसान संजय से 10 हजार जुर्माना वसूल किया है। कृषि अधिकारी राजविंदर सिंह मान ने बताया कि कृषि विभाग की टीमें लगातार फिल्ड में दौरा कर रही हैं।

#### कोई छूट नहीं मिलेगी

कृषि विभाग के डिप्टी डायरेक्टर सुरेंद्र मलिक के आदेश पर लगातार कृषि अधिकारी इस काम में लगे हुए हैं। पराली जलाने वाले किसान को किसी भी प्रकार से कोई छूट नहीं दी जाएगी। यदि कोई अन्य किसान भी पराली जलाता हुआ पाया गया तो नकद जुर्माना वसूल किया जाएगा और पुलिस केस दर्ज किया जाएगा। कृषि विभाग की टीमों ने सीजन से पहले किसानों को जागरूक करने के लिए भी एक अभियान चलाया था। जो किसान नहीं मान रहे उनके साथ सख्ती बरती जा रही है।

जुर्माना राशि की रसीद थमाते कृषि विभाग के अधिकारी



# वैश्य कॉलेज में बेकाबू कार ने सिक्योरिटी गार्ड को रौंदा

**रोहतक।** वैश्य कॉलेज परिसर में गुरुवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। कॉलेज के मुख्य गेट पर ड्यूटी दे रहे सिक्योरिटी गार्ड को कार ने जोरदार टक्कर मार दी। गंभीर हालत में उसे पीजीआई अस्पताल ले जाया गया, लेकिन वहां पहुंचने से पहले ही उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। एफएसएल इंचार्ज डॉ. सरोज दहिया ने भी नमूके इकट्ठे किए हैं। वहीं, गार्ड की पहचान गांव भाली आनंदपुर निवासी रितित पुत्र नरेश के रुप में हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह करीब 9:15 बजे कॉलेज के गेट नंबर-1 पर सफेद रंग की कार बेकाबू होकर प्रवेश द्वार में घुस गई। उस समय ड्यूटी पर तैनात सिक्योरिटी गार्ड रितित (उम्र लगभग 21 वर्ष) प्रवेश द्वार पर खड़ा था। अचानक आई कार ने उसे टक्कर मारी, जिससे वह कई मीटर दूर जा गिरा। हादसे के बाद अफरा-तफरी मच गई और आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह घायल गार्ड को उठाकर अस्पताल पहुंचाया।



#### चालक मौके से

सूत्रों के अनुसार, कार चालक एक कॉलेज छात्र बताया जा रहा है, जो वाहन को तेजी से कैंपस के अंदर घुमा रहा था। बताया गया कि ड्राइवर ने कार पर नियंत्रण खो दिया और गार्ड को कुचल दिया। हादसे के बाद चालक मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस ने कार को कब्जे में ले लिया है, वहीं आरोपी चालक की पहचान कर उसकी तलाश शुरू कर दी गई है। सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि घटना के सटीक कारणों का पता लगाया जा सके।

#### कॉलेज में छाया मातम



*हादसे के बाद वैश्य कॉलेज का माहौल शोकमग्न हो गया। कई अध्यापक और विद्यार्थी गार्ड रितित को श्रद्धांजलि देने पहुंचे। कॉलेज प्रशासन ने कहा कि रितित ईमानदारी और निष्ठा से सेवा कर रहा था। उसकी मौत से कॉलेज परिवार स्तब्ध है। पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया और आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।*

# पीजीआई में कर्मचारियों के फ्लैटों में बढ़े सुरक्षा मानक हर इमारत में लगेंगे फायर एस्केप और अलार्म सिस्टम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

पंडित भगवत दयाल शर्मा पीजीआईएमएस प्रशासन अब कर्मचारियों के आवासीय फ्लैटों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पूरी तरह सजग हो गया है।

गेट नंबर के पास तृतीय श्रेणी कर्मियों के लिए बन रहे नए फ्लैटों में आग से बचाव के विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। यह पहली बार है जब कर्मचारियों के लिए बनाए जा रहे सरकारी भवनों में आधुनिक फायर सेफ्टी सिस्टम को अनिवार्य रूप से शामिल किया गया है।

#### परिसर में तीन इमारतें निर्माणाधीन

पीजीआई परिसर में फिलहाल तीन इमारतें निर्माणाधीन हैं और हर इमारत में दो-दो फायर एस्केप बनाए जा रहे हैं। इस तरह कुल छह फायर एस्केप तैयार होंगे। अधिकारियों का कहना है कि निर्माण कार्य लगातार जारी है और इसे पूरा होने में लगभग पांच से छह महीने का समय और लगेगा। भवन निर्माण विभाग और फायर ब्रिगेड अधिकारी इसकी निगरानी कर रहे हैं। फायर ब्रिगेड विभाग के अधिकारी हरकेश नेहरा ने बताया कि छह मंजिला इमारतों में आग लगने जैसी स्थिति से निपटने के लिए विभाग के पास पर्याप्त संसाधन मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि इन भवनों में न सिर्फ फायर एस्केप बल्कि हाई-प्रेशर पाइपलाइन, स्मोक डिटेक्टर और अलार्म सिस्टम भी लगाए जाएंगे। इससे किसी भी आपात स्थिति में राहत कार्यों में तेजी लाई जा सकेगी।पीजीआई प्रशासन के अनुसार, सुरक्षा के इन इंतजामों का उद्देश्य कर्मचारियों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना है। प्रशासन ने भविष्य में बनने वाली सभी इमारतों में भी इसी तरह की सुरक्षा व्यवस्था को अनिवार्य करने का निर्णय लिया है। जब यह परियोजना पूरी तरह तैयार हो जाएगी, तो पीजीआई का यह आवासीय परिसर सुरक्षा के मामले में एक उदाहरण बनकर सामने आएगा।




**गिरोह का एक और आरोपी गिरफ्तार**

# अमेरिका भेजने के नाम पर 56 लाख की ठगी का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक


पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा ने अमेरिका भेजने के नाम पर 56 लाख रुपये की जबरन वसूली करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। अदालत ने आरोपी को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। आर्थिक अपराध शाखा के प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई गांव गिझी निवासी रोहित की शिकायत पर की गई। सोनीपत निवासी अंकुश ने रोहित को अमेरिका भेजने का झांसा दिया और बताया कि उसका भाई अमेरिका में रहता है तथा वह कानूनी वीजा दिलवा सकता है। इस योजना की कुल लागत 18 लाख रुपये बताई गई। बाद में इस पूरी योजना में अंकुश के साथ आशु, संदीप उर्फ मोनू, और राजेंद्र निवासी कैमला सहित कई लोग शामिल पाए गए।

#### कई देशों में भेजा


*रोहित को पहले अजरबैजान भेजा गया और फिर विभिन्न देशों- कजाकिस्तान, दुबई, घाना, सूरीनाम, ब्राजील, बोलिविया, पेरू, इक्वाडोर, कोलंबिया, पनामा, कोस्टारिका, निकारागुआ, होंडुरस, ग्वाटेमाला और मैक्सिको-के रास्ते अवैध रूप से अमेरिका पहुंचाने की कोशिश की गई। रोहित से 56 लाख की वसूली कर ली गई। विरोध करने पर मारपीट कर पासपोर्ट छीन लिया गया। रोहित को बाद में अमेरिकी अधिकारियों ने सीमा पार करते पकड़ लिया। बाद में कोस्टारिका के रास्ते भारत वापस भेज दिया गया। जांच अधिकारी सहायक उपनिरीक्षक वीरेंद्र के अनुसार, पुलिस ने गिरोह में शामिल संदीप उर्फ मोनू निवासी मतंद ( सोनीपत) को गिरफ्तार किया है। पहले गिरोह के मुख्य सदस्य अंकुश की गिरफ्तारी हो चुकी है।*

# स्वदेशी अपनाओ अभियान से गूंजा सांपला बाजार

**भाजपा कार्यकर्ताओं ने दुकानदारों को स्वदेशी उत्पाद अपनाने के लिए किया प्रेरित**



सांपला। भारतीय जनता पार्टी की ओर से गुरुवार को स्वदेशी अपनाओ जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान की अगुवाई मंडल अध्यक्ष कपिल खत्री ने की। यह अभियान मुख्य बाजार से शुरू होकर झज्जर मार्ग और खरखोदा मार्ग तक चलाया गया। अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने दुकानदारों से मुलाकात कर उन्हें स्वदेशी उत्पादों का उपयोग बढ़ाने और विदेशी वस्तुओं से परहेज करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मार्केट कमेटी चेयरमैन उदयभान मलिक, नरेंद्र कुमार, वाइस चेयरमैन योगेश कुमार, देवराज, राजसिंह, प्रदीप, कृष्ण, बिजेंद्र और सोमबीर सहित अनेक पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।





रोहतक। कार्यक्रम में पौधारोपण करते उपायुक्त सचिन गुप्ता।

# जिला प्रशासन ने शुरू की स्वास्थ्य वाहिनी मोबाइल सेवा : सचिन गुप्ता

■ गांव स्तर पर होगी एनसीडी जांच, मुख एवं स्तन कैंसर की पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा स्वास्थ्य वाहिनी नामक व्यापक मोबाइल स्वास्थ्य पहल की शुरुआत की गई है, जिसका उद्देश्य गैर-संचारी रोगों की व्यापक जांच और महिलाओं के स्वास्थ्य को सशक्त बनाना है, विशेष रूप से स्तन कैंसर के प्रति जागरूकता और शीघ्र पहचान पर ध्यान केंद्रित किया गया है। सचिन गुप्ता ने सांपला खंड के गांव इस्माइला स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में आयोजित दो दिवसीय स्तन कैंसर स्क्रीनिंग शिविर का निरीक्षण किया तथा स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य वाहिनी के तहत एक गांव-एक दिन मॉडल को अपनाया गया है, जिसके माध्यम से एक समर्पित चिकित्सकीय टीम प्रतिदिन एक गांव का दौरा करती है और वहां एनसीडी तथा महिलाओं के स्वास्थ्य की संपूर्ण जांच करती है। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि निवारक स्वास्थ्य की दिशा में जन आंदोलन के तहत स्वास्थ्य वाहिनी उपचार-केन्द्रित दृष्टिकोण से हटकर निवारक और सामुदायिक स्तर पर स्वास्थ्य सुरक्षा की दिशा में एक बड़ा कदम है।

# गुरु तेग बहादुर के शहीदी दिवस पर आयोजित होंगे विभिन्न कार्यक्रम

■ 14 नवंबर को फरीदाबाद से शुरू होगी शहीदी दिवस यात्रा, 17 नवंबर को पहुंचेगी रोहतक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इन कार्यक्रमों के लिए सभी पुख्ता प्रबंध किए जायेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिला में भव्य यात्रा व लाइट एंड साउंड शॉ कार्यक्रम आयोजित होंगे।

सचिन गुप्ता लघु सचिवालय स्थित सभागार में मुख्यमंत्री के ओएसडी डॉ. प्रभलीन सिंह, हरियाणा विद्युत नियामक आयोग के चेयरमैन मुकेश गर्ग, हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य करनैल सिंह व गुरुद्वारों के पदाधिकारियों के साथ शहीदी दिवस यात्रा की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, महापौर राम अवतार वाल्मीकि, जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, पूर्व महापौर मनमोहन गोयल, पूर्व वरिष्ठ उप महापौर राजकमल सहगल, हरियाणा महिला आयोग की पूर्व चेयरपर्सन प्रतिभा सुमन भी मौजूद रहे।




रोहतक। शहीदी दिवस यात्रा की तैयारियों की समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता।

## यात्रा के दौरान पुलिस के रहेंगे पुख्ता इंतजाम

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि यात्रा के दौरान पुलिस द्वारा यातायात प्रबंधन, सुरक्षा व अन्य आवश्यक प्रबंध किए जायेंगे। नगर निगम द्वारा यात्रा के मार्ग पर स्वच्छता के अलावा पानी का छिडकाव इत्यादि बारे भी प्रबंध किए जायेंगे। उन्होंने विभिन्न गुरुद्वारों के पदाधिकारियों से कहा कि वे जिला प्रशासन को इस अवसर पर पूर्ण सहयोग करें ताकि यात्रा का सफलतापूर्वक आयोजन किया जा सके और नागरिकों को भी किसी प्रकार की असुविधा न हो। सचिन गुप्ता ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इन्ही कार्यक्रमों के तहत 14 नवंबर को फरीदाबाद से यात्रा शुरू होगी, जो 17 नवंबर को रोहतक पहुंचेगी तथा रोहतक से जींद के लिए प्रस्थान करेगी।

## बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र, कुमार, महम के उपमंडलाधीश मुकुंद तंवर, नगर निगम के संयुक्त आयुक्त मनजीत सिंह, नगराधीश अंकित कुमार, मंडल आयुक्त के ओएसडीएम शुभम, पुलिस उपाधीक्षक दलीप सिंह, महेंद्र चावला (रूबी), जत्थेदार गुरजिंद्र सिंह जींद, गुरप्रीत सिंह, गुरजीत सिंह, जसकरण सिंह, जसबीर सिंह, मलकीत सिंह, परविंद्र सिंह टक्कर, तेजिंद्र सिंह, सुच्चा सिंह, सन्नी चावला, हरभजन सिंह, महाबीर सिंह, निर्मल सिंह, ईश्वर सिंह, अमित बंसल सहित विभिन्न गुरुद्वारों के पदाधिकारी आदि रहे।

## यात्रा में डीजे व बाजा नहीं होगा शामिल

मुख्यमंत्री के ओएसडीएम डॉ. प्रभलीन सिंह ने कहा कि इस शहीदी दिवस यात्रा में किसी प्रकार का बैंड व डीजे इत्यादि शामिल नहीं होगा तथा शहीदी दिवस सादगी के साथ मनाया जायेगा। प्रदेश सरकार द्वारा हिंद की चादर श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी दिवस के अवसर पर प्रदेशभर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है ताकि आमजन तक श्री गुरु तेग बहादुर के त्याग व बलिदान के संदेश को पहुंचाया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 25 नवंबर को कुरुक्षेत्र में आयोजित होने वाले श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।



रोहतक। विज्ञान निबंध प्रतियोगिता में मौजूद विद्यार्थी व शिक्षक।

## स्वाति और नैंसी विज्ञान प्रतियोगिता में रहीं प्रथम

रोहतक। सांगवान इंटरनेशनल स्कूल के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने हरियाणा स्टेट काउंसिल फॉर साइंस, इनोवेशन एंड ट्रेनिंग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान निबंध प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कक्षा 10वीं की छात्राएं स्वाति और नैंसी ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी जगह सुनिश्चित की है। इसके साथ ही कक्षा 10वीं के छात्र वीरेन ने अपने हाइड्रा नामक वर्किंग मॉडल के माध्यम से अपनी वैज्ञानिक सोच, नवाचार और रचनात्मक दृष्टिकोण से सभी का ध्यान आकर्षित किया। विद्यालय के प्रबंधक राजेश सांगवान, प्रधानाचार्या मनीषा सांगवान तथा स्कूल समन्वयक प्रमिला सांगवान ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनकी रचनात्मक अभिव्यक्ति और अद्भुत लेखन कौशल की प्रशंसा की। उन्होंने विज्ञान विभाग के शिक्षकों को विद्यार्थियों को उत्कृष्ट मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

## युवाओं ने सेवा, अनुशासन और मानवता का दिया संदेश

# श्री लाल नाथ हिन्दू कॉलेज में रेडक्रॉस का प्रशिक्षण शुरू

शुभारंभ नगराधीश अंकित कुमार तथा मंडल आयुक्त के विशेष कार्य अधिकारी शुभम ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

श्री लाल नाथ हिन्दू कॉलेज में को पांच दिवसीय यूथ रेडक्रॉस जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। इस शिविर का आयोजन जिला रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ नगराधीश अंकित कुमार तथा मंडल आयुक्त के विशेष कार्य अधिकारी शुभम ने दीप प्रज्वलन कर किया। इसके उपरांत उपस्थित जनों ने रेडक्रॉस के संस्थापक सर हेनरी जीन ड्यूनेंट को पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्य अतिथि अंकित कुमार ने कहा कि यूथ रेडक्रॉस युवाओं में मानवता, सेवा और अनुशासन की भावना को जागृत करने का एक सशक्त माध्यम है। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनिल कुमार तनेजा ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण शिविर विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना विकसित करते हैं। वहीं कॉलेज के प्रधान शाम कपूर ने कहा कि युवाओं को केवल शिक्षा ही नहीं बल्कि मानवीय मूल्यों से भी सशक्त बनना चाहिए। युवा रेडक्रॉस काउंसलर डॉ. शालू जुनेजा ने मंच संचालन करते हुए कहा कि रेडक्रॉस का मूल उद्देश्य मानवता की सेवा है, और यही युवाओं को सच्चे अर्थों में राष्ट्रनिर्माण की दिशा में प्रेरित करता है। शिविर के दौरान पांच दिनों तक प्रतिभागियों को प्राथमिक उपचार, ट्रैफिक नियंत्रण, रक्तदान जागरूकता, आपदा प्रबंधन तथा सामाजिक सेवा जैसी गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला रेडक्रॉस सोसाइटी के सचिव श्याम सुंदर, डीटीओ रवि दत्त, कैम्प संयोजक डॉ. राजेश गहलावत आदि मौजूद रहे।



रोहतक। श्री लाल नाथ हिन्दू कॉलेज के रेडक्रॉस प्रशिक्षण में भाग लेते विद्यार्थी।

## हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

**प्रथम पुरस्कार (कार, 1 नग )**

1. ब्रिज शंकर सुपुत्र श्री मानव लाल आहूजा, न्यू मॉडल टाऊन, हिसार

**द्वितीय पुरस्कार (स्कूटी, 2 नग )**

1. नैनिका मौर्या सुपुत्री श्री उत्कर्ष मौर्या, हालू बाजार, भिवानी
2. उदयभान सुपुत्र श्री देवदत्त शुक्ला, लाईन पार एरिया, बहादुरगढ़

**तृतीय पुरस्कार (एलईडी टीवी, 2 नग )**

1. श्रीमति मंजू पत्नी श्री विनोद कुमार, म.नं. 1564, एनएचबी कॉलोनी, रोहतक
2. समर तायल सुपुत्र श्री भुनेश्वर तायल, आदर्श नगर, महेन्द्रगढ़

**चौथा पुरस्कार (रेफ्रीजरेटर, 2 नग )**

1. दरिया सिंह सुपुत्र श्री हरिराम, 232/28, मालवीय नगर, सोनीपत
2. प्रथम कुमार साहू सुपुत्र श्री दिवांकर साहू, नजदीक तालाब चौक, झज्जर

**पांचवा पुरस्कार (वाशिंग मशीन, 2 नग )**

1. जितेन्द्र कुमार सुपुत्र श्री बिशम्बरदयाल, गौतम नगर, रेवाड़ी
2. रेयांश माथुर सुपुत्र श्री प्रेमलाल माथुर, रतिया रोड़, फतेहाबाद

**छठा पुरस्कार (माईक्रोवेव ऑवन, 3 नग )**

1. आरती, म. नं. 119, धर्मबीर कॉलोनी, वार्ड नं. 3, घरौंडा, करनाल
2. महासिंह सुपुत्र श्री रणजीत सिंह, राजनगर, कैथल रोड, जीन्द
3. श्री दलबीर सिंह सुपुत्र कपूर सिंह, वार्ड नं. 1, हिसार बाईपास, शास्त्री नगर, रोहतक

**सातवां पुरस्कार (गैस स्टोव (2 बर्नर), 3 नग )**

1. सीमा धर्मपत्नी श्री राकेश जुलाना, जीन्द
2. लक्ष्मण दास नम्बरदार पुत्र श्री कंवरभान, दुजाना, बेरी, झज्जर
3. राम निवास सुपुत्र श्री बिरजू, गांव माजरा, भाखली, रेवाड़ी

**आठवां पुरस्कार (इंडक्शन कुक टॉप, 5 नग )**

1. श्री सोमदत्त त्यागी सुपुत्र श्री मनजीत राम त्यागी, 449 बी, ओल्ड डीसी रोड, सोनीपत
2. श्रीमति ओमवति सुपुत्र भूप सिंह, गांव व डा. बलंभा, तह. महम, रोहतक
3. सचिन सुपुत्र श्री रत्तन लाल, मौहल्ला मिराजी, शिव नगर, वार्ड नं. 20, नारनौल, महेन्द्रगढ़
4. आदित्य वर्मा पुत्र श्री भीम सिंह निवासी निवासी सुहासरा, लोहारू, जिला भिवानी
5. राजबीर, श्री वीर सहाय, भट्टू रोड, मुलाना सिनेमा, फतेहाबाद

**नौंवा पुरस्कार (रुम हीटर, 5 नग )**

1. लेखपाल सुपुत्र श्री रामदिया, बख्तावरपुर, सोनीपत
2. चेतना देवी धर्मपत्नी श्री नरेन्द्र, महराना, झज्जर
3. चन्द्रभान पुत्र श्री रतन सिंह, निवासी दुल्हेड़ा, जिला झज्जर
4. फिलीना गाहलयान पुत्री श्री जितेन्द्र सिंह, मकान नं. 11, पार्क कालोनी, भिवानी
5. रोहताश पुत्र श्री रामचन्द्र निवासी गांव दौलतपुर जिला हिसार

**दसवां पुरस्कार (प्रेशर कूकर, 5 नग )**

1. दीपांशु सुपुत्र श्री दुष्यंत कुमार, गांव गोलिका, मनेठी, रेवाड़ी
2. श्री रणधीर सिंह सुपुत्र चेतन सिंह, वार्ड 6, कलानौर, रोहतक
3. राधा कृष्ण पुत्र श्री सूरजभान, मकान नं. 1446/12 क्वार्टर रोड, शिव मंदिर के पास, हिसार
4. राजबीर सिंह पुत्र श्री होश्यार सिंह, गांव बामनौली, बहादुरगढ़, जिला झज्जर
5. सुरेश कुमार सुपुत्र श्री मुखराम प्रजापत, वार्ड नं. 6, पुराना बाजार, नांगल चौधरी, महेन्द्रगढ़

### आवश्यक सूचना

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतू साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रातः 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

- कार्यालय पता -
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

# राजकीय महिला महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल की दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

■ व्यक्तित्व विकास और संवाद कौशल पर विद्यार्थियों को मिला विशेष प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में प्लेसमेंट सेल द्वारा दो दिवसीय पर्सनैलिटी डेवलपमेंट एवं सॉफ्ट स्किल कार्यशाला का शुभारंभ हुआ। इस कार्यशाला का उद्घाटन आरबीएस इंस्टीट्यूट से आए विशेषज्ञ दिनेश मदान और कुमारी सुचित्रा के सत्रों से हुआ। पहले सत्र में दिनेश मदान ने विद्यार्थियों को व्यक्तित्व विकास के विभिन्न आयामों से परिचित कराया। उन्होंने बताया कि किसी व्यक्ति की सफलता केवल उसके ज्ञान पर नहीं, बल्कि उसके व्यवहार, आचरण, पहनावे और शारीरिक मुद्रा पर भी निर्भर करती है। उन्होंने प्रेरक उदाहरण देते हुए बताया कि कैसे महात्मा गांधी ने अपने सादे व्यक्तित्व से विश्व पर प्रभाव छोड़ा और स्वामी विवेकानंद ने अपने प्रभावशाली शब्दों से भारतीय संस्कृति का परचम लहराया। दूसरे सत्र में कुमारी सुचित्रा ने विद्यार्थियों को कम्यूनिकेशन स्किल का महत्त्व समझाया। कार्यशाला के आयोजन में प्लेसमेंट सेल की टीम डॉ. पुष्पदीप डागर, डॉ. सविता, डॉ. मुक्ता सोनी, सत्यप्रकाश और मंजू का सराहनीय योगदान रहा।



रोहतक। कार्यक्रम को सम्बोधित करते आरबीएस इंस्टीट्यूट से आए विशेषज्ञ दिनेश मदान।

# निःशुल्क जांच और उपकरण वितरण शिविर 16 नवंबर को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

एलपीएस बोसार्ड के एम.डी. राजेश जैन की माता स्व. सुशीला देवी जैन की पुण्यतिथि एवं अंतरराष्ट्रीय विकलांग दिवस के उपलक्ष्य में 16 नवम्बर 2025, रविवार को निशुल्क दिव्यांग जांच एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर हरिओम सेवा दल द्वारा सैक्टर-4 स्थित पंचमुखी हनुमान मंदिर, बाबू मिट्ठन लाल गिरिश गुप्ता सहारा आश्रम, जिमखाना क्लब के पीछे आयोजित किया जा रहा है। मीडिया प्रभारी राजीव जैन ने बताया कि एल.पी.एस. बोसार्ड के सहयोग से लगने वाले इस शिविर में विकलांग जांच, सामान्य रोग, हड्डी रोग, फेफड़े, नेत्र जांच, रक्त शुगर व बीपी जांच सहित आयुष्मान कार्ड (70 वर्ष से ऊपर) बनवाने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। जरूरतमंद दिव्यांगों को व्हील चेयर, वॉकर, छड़ी, कृत्रिम हाथ-पैर, ट्राई साइकिल और चश्मे हेतु जांच की जाएगी। योग्य लाभार्थियों को 3 दिसम्बर को उपकरण वितरित किए जाएंगे। लाभार्थियों से आधार कार्ड साथ लाने का आग्रह किया गया है।

## गवर्नमेंट कॉलेज महम की छात्रा संजना ने मुक्केबाजी में जीता स्वर्ण

महम। राजकीय महाविद्यालय महम की बीए प्रथम वर्ष की छात्रा संजना ने महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय मुक्केबाजी प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इस उपलब्धि पर महाविद्यालय में खुशी की लहर है। प्रिंसिपल डॉ. सत्यव्रत ने इस उपलब्धि पर छात्रा को शुभकामनाएं दीं हैं। कहा है कि यह महाविद्यालय के लिए बड़े गर्व की बात है। इसके लिए कॉलेज के प्राध्यापक व प्रशिक्षक भी बधाई के पात्र हैं। प्रिंसिपल ने कहा कि वे विजेता खिलाड़ी संजना के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। छात्रा को कॉलेज पहुंचने पर प्राध्यापकों व स्टाफ सदस्यों द्वारा सम्मानित किया जाएगा। संजना की इस उपलब्धि को देखते हुए वे कामना करते हैं कि वह एक दिन देश के लिए भी मेडल लेकर आए।



## मदवि में तीन दिवसीय पुस्तक मेला संपन्न



रोहतक। महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय की विवेकानंद लाइब्रेरी द्वारा आयोजित तीन दिवसीय एमडीयू पुस्तक मेला उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। पुस्तक प्रेमियों, विद्यार्थियों, शिक्षकों और विभिन्न क्षेत्रों के लोगों की सक्रिय भागीदारी ने मेले को सफल बना दिया। मेले में साहित्य, कथा-साहित्य, शिक्षा, विज्ञान, प्रबंधन और विविध विषयों पर आधारित हजारों पुस्तकों का प्रदर्शन किया गया। एल्सेवियर, स्प्रिंगर नेचर, सेज पब्लिकेशन और कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी प्रेस जैसे अंतरराष्ट्रीय प्रकाशकों के स्टॉल सबसे अधिक आकर्षण का केंद्र रहे। साइंस डायरेक्ट एआई का लाइव प्रदर्शन शोधार्थियों के लिए विशेष रूप से उपयोगी सिद्ध हुआ।



महम। नागरिक अस्पताल में चिकित्सा अधिकारी को ज्ञापन सौंपते सीपीआईएम नेता।

## सीपीआईएम प्रतिनिधिमंडल ने अधिकारियों को सौंपे ज्ञापन

महम। भारत की कम्यूनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपमंडल नागरिक अस्पताल महम के एसएमओ को एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में स्वास्थ्य मंत्री हरियाणा से महम के अस्पताल में मरीजों के लिए 100 बैड की सुविधा शुरू करने,डॉक्टरों के रिक्त पदों को भरने, पैरा मेडिकल स्टाफ की भर्ती करने, सीटी स्कैन और अल्ट्रासाउंड मशीन लगाने की मांग की। साथ्ज्ञ ही सभी तरह की जांच मुफ्त करने और निशुल्क इलाज की सुविधा शुरू करने की डिमांड की गई। इसके अलावा सीपीआईएम प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम के नाम भी एक ज्ञापन सौंपा। इस ज्ञापन में सहकारी समिति की बसों में सीनिर सीटिजन के रियायती पास मान्य करवाने की मांग की गई। कहा कि सहकारी समिति संचालक बुजुर्गों के रियायती पास मान्य नहीं कर रहे। बुजुर्गों को रोजाना अपमानित किया जा रहा है। आधी टिकट की बजाए पूरी टिकट के पैसे वसूल किए जा रहे हैं। ऐसे बस मालिको के खिलाफ कडी कारवाई की मांग की है। इस मौकेक पर सीपीआईएम जिला सचिव कामरेड सतवीर सिंह, किसान नेता मास्टर बलवान सिह, मजदूर नेता कामरेड प्रकाश चन्द्र तथा सत्यनारायण शामिल थे।



## खबर संक्षेप




### समाधान शिविर में शिकायतों की सुनवाई

**रोहतक।** उपायुक्त सचिन गुप्ता के निर्देशानुसार समाधान शिविर आयोजित किया गया, जिसमें नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई की गई। जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल ने नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई करने के दौरान संबंधित अधिकारियों को इन शिकायतों के शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए। जिला प्रशासन द्वारा सरकार की हिदायतों के अनुसार हर सप्ताह के सोमवार व वीरवार को सुबह 10 से 12 बजे तक स्थानीय लघु सचिवालय एवं उपमंडल मुख्यालयों पर समाधान शिविर आयोजित करके नागरिकों की शिकायतों की सुनवाई की जा रही है।

### चोरी की वारदात में तीसरा आरोपी काबू

**रोहतक।** थाना शहर प्रभारी निरीक्षक रमेश कुमार ने बताया कि गांधी कैंप निवासी रोहित की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया था। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि रोहित की माल गोदाम रोड के पास दुकान है। 24 अक्टूबर की सुबह जब वह दुकान पर पहुंचा तो दुकान के अंदर सारा सामान बिखरा हुआ था और गल्ला टूटा हुआ मिला। रोहित ने बताया कि दुकान से करीब 7 लाख रुपये नकद, एक सोने का कड़ा, लैपटॉप और अन्य सामान चोरी हो गया था। सहायक उपनिरीक्षक अशोक ने 12 नवंबर को आरोपी सोनू पुत्र राजपाल निवासी सैमाण, महम को गिरफ्तार कर लिया। इससे पहले, वारदात में शामिल अन्य दो आरोपी अंकित और सौरभ को पुलिस पहले ही काबू कर चुकी है।

### हमले में आठवां आरोपी किया गिरफ्तार

**रोहतक।** पुलिस को ऑपरेशन ट्रैक डाउन अभियान के तहत बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने बखेता गांव में युवकों पर हुए जानलेवा हमले के मामले में फरार चल रहे आठवें आरोपी अजय उर्फ मोनू निवासी गांव बखेता को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे रिमांड पर भेजा गया है। सीआईए-2 प्रभारी उपनिरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि यह मामला गांव बखेता निवासी अंकित की शिकायत पर दर्ज किया गया था। राजेंद्र और रामकिशन के बीच दीवार को लेकर विवाद चल रहा था। इसी विवाद के चलते 20 अगस्त को शाम लगभग 6:30 बजे झगड़ा हुआ, जिसमें देवेंद्र, अनिल, विपिन, अमित और अन्य युवक शामिल थे। झगड़े के दौरान विपिन और देवेंद्र ने गोलियां चला दीं, जिनमें से एक गोली अंकित की छाती में और दूसरी अमित के पेट में लगी।

## महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में 44वां इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल 'यूनिफेस्ट 2025' धूमधाम से संपन्न

# केएल मेहता दयानंद कॉलेज फॉर वूमेन फरीदाबाद ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी

**जीवीएम गर्ल्स कॉलेज सोनीपत की टीम रनरअप रही, विजेताओं को बांटे पुरस्कार**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) में आयोजित 44वें इंटर जोनल यूथ फेस्टिवल 'यूनिफेस्ट 2025' का समापन वीरवार को रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जिसमें मुख्यातिथि डीएलसी सुपवा के कुलपति डॉ. अमित आर्य व विशिष्ट अतिथि समाजसेवी अंकुर बत्रा और राजेंद्र बंसल रहे। इस तीन दिवसीय साहित्यिक, सांस्कृतिक और दृश्य कला के महाकुंभ में केएल मेहता दयानंद कॉलेज फॉर वूमेन, फरीदाबाद ने ओवरऑल ट्रॉफी जीतकर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि जीवीएम गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत की टीम रनर्स-अप रही।

डीएलसी सुपवा के कुलपति डॉ. अमित आर्य ने कहा कि संगीत, कला और साहित्य के बिना जीवन नीरस होता है। सांस्कृतिक गतिविधियों में भाग लेना गहन साधना और आत्म-अनुशासन की प्रक्रिया है। कला और साहित्य मनुष्य को संवेदनशील और बेहतर इंसान बनाते हैं। समाजसेवी अंकुर बत्रा ने कहा कि जिसकी मस्ती जिंदा है उसकी हस्ती जिंदा है, वरना तो लोग जबरदस्ती जिंदा है। युवा पीढ़ी में असीम ऊर्जा और रचनात्मकता है। ऐसे आयोजन उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देते हैं। कला और संस्कृति किसी समाज की आत्मा होती हैं। हमें इन मंचों के माध्यम से युवाओं को प्रेरित करते रहना चाहिए। एमडीयू कुलपति प्रो. राजबीर सिंह ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की और कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों और कलाकारों ने राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। किसी भी शिक्षण संस्थान की पहचान केवल अकादमिक उत्कृष्टता से नहीं, बल्कि खेल और सांस्कृतिक उपलब्धियों से भी होती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि एमडीयू से जुड़े कलाकारों जैसे कुमार विशु, जयदीप अहलावत और पद्मश्री महाबीर गुड्डू ने कला और अभिनय के क्षेत्र में नई ऊंचाइयां हासिल की हैं। कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत ने कहा कि साहित्य, संगीत और कला ही मनुष्य को मानवीय बनाते हैं और संस्कारों का सृजन करते हैं।

समापन समारोह में विजयी प्रतिभागियों और टीमों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस अवसर पर डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग ने स्वागत भाषण दिया, जबकि डिप्टी डीन प्रो. सोनू देहमीवाल ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का समन्वयन निदेशक युवा कल्याण डॉ. प्रताप राठी ने किया। मंच संचालन डॉ. रवि प्रभात, डॉ. प्रियंका यादव और डॉ. शशि रश्मि ने किया।



यूथ फेस्टिवल की विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान करते मुख्यअतिथि डीएलसी सुपवा के कुलपति डॉ. अमित आर्य, समाजसेवी अंकुर बत्रा और राजेंद्र बंसल, कुलपति प्रो. राजबीर सिंह व डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग।



यूथ फेस्टिवल के दौरान नृत्य प्रतियोगिता में भाग लेतीं प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

### न्यूरो डायवर्जेंट बैंड ने मोहा मन



कार्यक्रम का आकर्षण रहा "द चोजन वन्स" नामक न्यूरो डायवर्जेंट बच्चों का म्यूजिक बैंड, जिसने बॉलीवुड गीतों की शानदार प्रस्तुतियों से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। दर्शक उनकी ऊर्जा और उत्साह से अभिभूत नजर आए। इस आयोजन में विश्वविद्यालय के शैक्षणिक विभागों और संबद्ध महाविद्यालयों की टीमों ने अपनी साहित्यिक, सांस्कृतिक और सृजनात्मक प्रतिभा का परिचय दिया। तीन दिनों तक गीत, संगीत, नृत्य, नाट्य, वाद-विवाद, पेंटिंग, शिल्पकला और लोककला की विभिन्न प्रतियोगिताओं में छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन प्रस्तुतियों ने जहां मंच को रंगों और संगीत से सराबोर किया, वहीं दर्शकों ने भी पूरे जोश से कलाकारों का हौसला बढ़ाया।



यूथ फेस्टिवल के दौरान कव्वाली प्रस्तुत करतीं प्रतिभागी। फोटो : हरिभूमि

## बलियाना में 4 दिन में आता है पानी दूषित पेयजल सप्लाई से आक्रोश

**रोहतक।** गांव बलियाना के ग्रामीण इन दिनों पानी की किल्लत और गंदे पानी की सप्लाई से बेहद परेशान हैं। स्थिति यह है कि गांव में चार दिन में केवल एक बार पानी की सप्लाई होती है और उस दौरान भी 20 मिनट तक गंदा व बदबूदार पानी ही आता है। इस समस्या से त्रस्त ग्रामीण अब मटका फोड़ आंदोलन करने की चेतावनी दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि पानी की आपूर्ति पिछले दो महीनों से बाधित है। कई बार शिकायतें करने के बावजूद पब्लिक हेल्थ विभाग के अधिकारी कोई ठोस कदम नहीं उठा रहे। गांव में सप्लाई हो रहा पानी इतना गंदा है कि कई परिवारों ने निजी टैंकरों से पानी मंगवाना शुरू कर दिया है। गंदे पानी से कई बच्चों और बुजुर्गों को पेट दर्द, उल्टी-दस्त जैसी शिकायतें हो रही हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं किया गया तो गांव के लोग सामूहिक रूप से मटका फोड़ विरोध प्रदर्शन करेंगे। इसके तहत ग्रामीण मुख्य चौक पर खाली मटके फोड़कर जल संकट के खिलाफ आवाज बुलंद करेंगे। ग्रामीणों का कहना है कि अगर विभाग ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो वे डीसी कार्यालय तक मार्च करेंगे। उनका कहना है कि हम टैक्स देते हैं, तो स्वच्छ पानी हमारी बुनियादी जरूरत है, कोई एहसान नहीं।



### सरदार पटेल की याद में 21 को पदयात्रा

**रोहतक।** अतिरिक्त उपायुक्त नरेंद्र कुमार ने कहा है कि सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष में 21 नवंबर को गद्दी खेड़ी चौक से मानसरोवर पार्क तक भव्य पदयात्रा का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने यात्रा को लेकर दिशा निर्देश जारी किए।

## जिले में हाई अलर्ट : नाकाबंदी कर वाहनों की जांच, होटलों पर निगरानी

- मोखरा गांव में भारत रसायन फैक्ट्री का भी निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

दिल्ली में हुई घटना के मद्देनज़र हरियाणा में पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सख्ती बढ़ा दी है। इसी क्रम में पुलिस ने भी शहर व ग्रामीण इलाकों में सुरक्षा के विशेष प्रबंध किए हैं।

पुलिस अधीक्षक सुरेंद्र सिंह भौरिय ने बताया कि पूरे जिले में नाकाबंदी कर वाहनों की बारीकी से चेकिंग, होटल–ढाबों की गहन जांच और स्वैट टीमों द्वारा निरंतर गश्त की जा रही है। एसपी भौरिया ने बताया कि दिल्ली की घटना को ध्यान में रखते हुए रोहतक में हाई अलर्ट जारी है। पुलिस की विभिन्न टीमों द्वारा शहर के सभी होटल, ढाबे, धर्मशालाएं, सराय आदि में ठहरने वाले व्यक्तियों की पहचान और रिकॉर्ड की जांच की जा रही है। उन्होंने कहा कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति की जानकारी तुरंत थाने को दी जाए। थाना क्षेत्रों की टीमों ने मोखरा गांव स्थित भारत रसायन फैक्ट्री का भी विशेष निरीक्षण किया। वहां कार्यरत कर्मचारियों और आने-जाने वालों के परिचय पत्रों की जांच की गई।


**रोहतक।** चेकिंग करते पुलिस व स्वैट टीम के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

### सर छोटूराम कन्या महाविद्यालय में 47 यूनिट रक्तदान

**सांपला।** सर छोटूराम कन्या महाविद्यालय सांपला में यूथ रेड क्रॉस यूनिट की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और कुल 47 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोहतक महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. शमशेर सिंह हुड्डा ने छात्राओं को प्रमाणपत्र व पुरस्कार देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान मानव जीवन बचाने का सबसे पवित्र कार्य है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. संतोष हुड्डा ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं होता, यह मानवता की सर्वोच्च सेवा है। उन्होंने छात्राओं से आह्वान किया कि वे समाज के हित में समय-समय पर रक्तदान जैसे कार्यों में भाग लें। इस अवसर पर डॉ. सुप्रिया, डॉ. प्रीतम और डॉ. सत्येन्द्र ने शिविर के सफल आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



### संतोष कैंसर फाउंडेशन ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

**रोहतक।** संतोष कैंसर फाउंडेशन की सामाजिक पहल बहरापन मुक्त हरियाणा के अंतर्गत वी केयर मल्टीस्पेशलिटी अस्पताल तथा खुराना आई सेंटर के संयुक्त सहयोग से सेक्टर-2 मार्केट में एक दिवसीय निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्देश्य नागरिकों में सुनने से संबंधित समस्याओं की समय पर पहचान और उपचार के प्रति जागरुकता फैलाना था। शिविर में कान संबंधी जांच के साथ-साथ आंखों की जांच, दंत परीक्षण, मधुमेह, रक्तचाप, हड्डी रोग, स्त्री रोग और मोटापे से जुड़ी बीमारियों की जांच भी निःशुल्क की गई। प्रतिभागियों को बीपी–शुगर जांच, दवाइयां, एक्स-रे, चश्मे आदि सेवाएं भी मुफ्त में उपलब्ध करवाई गईं। संतोष कैंसर फाउंडेशन के कैंसर विशेषज्ञ डॉ. भूषण कथूरिया ने कहा कि बहरापन मुक्त हरियाणा' सिर्फ एक जांच अभियान नहीं, बल्कि संवाद और आत्मविश्वास लौटाने की कोशिश है। शिविर में डॉ. भूषण कथूरिया, डॉ. विकास कक्कड़, डॉ. अरोड़ा खुराना, डॉ. भावना खुराना, डॉ. अरजुन खुराना, डॉ. रोहित अरोड़ा, डॉ. श्याम नागपाल, डॉ. शैलेन्द्र बामल, डॉ. अमन रोहिल्ला, डॉ. हर्षदीप, डॉ. हिमानी ढींगरा, डॉ. अंजलि, डॉ. दीपक वासन और डॉ. रमनीक भाटिया शामिल रहे।




## खबर संक्षेप



### महिंद्रा स्कूल के गौरव ने नेशनल में जीता ब्रॉन्ज

**रोहतक।** महिंद्रा मॉडल स्कूल के गौरव ने ईटानगर (अरुणाचल प्रदेश) में आयोजित 69वें नेशनल गेम्स अंडर-17 बॉक्सिंग चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीतकर विद्यालय और शहर का नाम रोशन किया। विद्यालय प्रांगण में गौरव के लौटने पर स्कूल निर्देशिका अनु चौधरी ने उन्हें सम्मानित किया और उनकी इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त किया।



### एचडी स्कूल की छात्राओं ने लहराया परचम

**रोहतक।** हरियाणा स्टेट काउंसिल फॉर साइंस, इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी द्वारा आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान निबंध लेखन प्रतियोगिता में एचडी पब्लिक स्कूल बहुअकबरपुर की कक्षा 10वीं की दो छात्राओं नव्या और गरिमा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय हासिल की है। इन दोनों मेधावी छात्राओं का चयन अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। डायरेक्टर सुरेन्द्र सिंह फोगाट, अकादमिक डायरेक्टर कृष्णा बल्हारा फोगाट तथा प्रधानाचार्य दुलाल देब ने दोनों छात्राओं को शुभकामनाएं दी। इस सफलता का श्रेय वाइस प्रिंसिपल प्रीति तक्षक और कोऑर्डिनेटर अल्का बल्हारा को भी जाता है।



### समर्थ गुरु सिद्धार्थ औलिया का भव्य स्वागत

**रोहतक।** मुरथल स्थित समर्थ गुरु धाम के भागीरथ समर्थ गुरु सिद्धार्थ औलिया 33 साधकों के साथ चार दिवसीय आध्यात्मिक भ्रमण पर रांची पहुंचे। उनके आगमन पर झारखंड समर्थ गुरु संघ द्वारा संघ स्टेट कोऑर्डिनेटर उपी सिंह के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर गुरुमाता, मां मीराबाई, शोभा, सुनीता, अंतरराष्ट्रीय कोऑर्डिनेटर आचार्य अमरेश झा, योगा कोऑर्डिनेटर आचार्य एके सिंह सहित अनेक साधक उपस्थित रहे। मीडिया कोऑर्डिनेटर संदीप नैन ने बताया कि समर्थ गुरु सिद्धार्थ औलिया 15 नवंबर को नेतरहाट विद्यालय के डायमंड जुबली समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लेंगे। उसी शाम नेतरहाट में समर्थगुरु के सान्निध्य में एक सत्संग कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## जिले में 80 प्रतिशत धान की कटाई पूरी, डीसी ने किसानों को चेताया

# फसल अवशेष जलाने पर होगी कार्रवाई : उपायुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि जिले में लगभग 80 प्रतिशत धान की फसल की कटाई का कार्य पूरा हो चुका है। उन्होंने किसानों से अपील की कि कटाई के बाद फसल अवशेषों में आग न लगाएं, क्योंकि इससे भूमि की उर्वरता पर गंभीर प्रभाव पड़ता है और आमजन को सांस संबंधी बीमारियों का सामना करना पड़ता है। उपायुक्त ने कहा कि किसानों को चाहिए कि वे फसल अवशेषों का वैज्ञानिक प्रबंधन करें और सरकार द्वारा दी जा रही फसल अवशेष प्रबंधन योजना का लाभ उठाएं।


डीसी सचिन गुप्ता

### 3 जगह पराली जलाई

वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के चेयरमैन ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी उपायुक्तों के साथ फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर बैठक की। इस दौरान उपायुक्त सचिन गुप्ता ने जिला रोहतक की स्थिति से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि 11 नवंबर तक हरसैक द्वारा कुल 19 आगजनी की घटनाओं की सूचना प्राप्त हुई थी, जिनमें से तीन मामले सही पाए गए। हरियाणा सरकार की हिदायतों के अनुसार कार्रवाई करते हुए ग्राम स्तरीय टीमों ने एक मामले में एफआईआर दर्ज करवाई है, जबकि दो मामलों की एफआईआर प्रक्रिया में हैं। वहीं, उप कृषि निदेशक डॉ. सुरेन्द्र सिंह ने बताया कि यदि कोई किसान पराली में आग न लगाकर उसे खेत में मिलाता है तो हरियाणा सरकार द्वारा उसे 1200 रुपये प्रति एकड़ की सहायता राशि प्रदान की जाएगी।

### फसल कटाई प्रयोगों का निरीक्षण, दिए निर्देश

**रोहतक।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत पंचकूला से संयुक्त निदेशक ओमप्रकाश गोदारा दो दिवसीय दौरे पर 13 नवंबर को रोहतक पहुंचे। उन्होंने जिले के विभिन्न गांवों में फसल कटाई प्रयोगों (सीसीई) का निरीक्षण किया और कृषि विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वर्तमान खरीफ सीजन में यह कार्य पूरी जिम्मेदारी और सावधानी से किया जाए, क्योंकि इन्हीं आंकड़ों के आधार पर प्रत्येक गांव की औसत पैदावार और किसानों के मुआवजे का निर्धारण किया जाता है। सहायक सांख्यिकी अधिकारी विनोद हुड्डा ने बताया कि उप कृषि निदेशक, रोहतक द्वारा जिले के सभी गांवों में कृषि विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। उनके द्वारा धान, कपास, बाजरा और मक्का फसल के चार-चार कटाई प्रयोग किए जा रहे हैं। ये सभी प्रयोग रैंडम नंबर और स्मार्ट सैंपलिंग विधि से राजस्व विभाग के पटवारियों की सहायता से किए जाते हैं। चुने गए खेतों में 5×5 मीटर के प्लॉट से औसत पैदावार का आंकलन किया जाता है। निरीक्षण के दौरान ओमप्रकाश गोदारा ने घिलोड़ कलां, घिलोड़ खुर्द और ब्राह्मणवास गांवों में खेतों का दौरा किया तथा कृषि विकास अधिकारी रविंद्रपाल द्वारा किए जा रहे प्रयोगों को देखा। मौके पर बीमा कंपनी के जिला प्रबंधक सचिन मिश्रा, कृषि विभाग के अधिकारी और संबंधित किसान उपस्थित रहे।



### एमडीयू में स्थापित होगा सामुदायिक रेडियो स्टेशन

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय ने बृहस्पतिवार को समुदाय आधारित संवाद और जनसंपर्क की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए ब्रॉडकास्ट इंजीनियरिंग कंसल्टेंट्स इंडिया लिमिटेड (बीईसीआईएल), जो सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के प्रशासनिक नियंत्रण में एक मिनी रत्न सार्वजनिक उपक्रम है, के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। इस समझौते के माध्यम से विश्वविद्यालय के पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में एक आधुनिक सामुदायिक रेडियो स्टेशन की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हुआ है, जो 26 जनवरी 2026 तक प्रसारण प्रारंभ करने की उम्मीद है।